# तीन पंचायतों में किसान पाठशाला

संवाद सहयोगी, रजौन (बांका) : मंगलवार को भवानीपुर, कठौन, धौनी बामदेव एवं कठचातर लीलातरी तीन पंचायतों में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। तीनों केन्द्रों पर 25-25 प्रगतिशील किसानों के बीच प्रशिक्षण पंचायत किसान सलाहकार संतोष आनंद, अस्ताचल एवं शाशिभूषण पांडेय ने दिया है। इस दौरान प्रखंड कोडिनेटर अनिल कुमार सिंह, आत्मा प्रखंड अध्यक्ष विद्याधर सिंह ने स्वयं तीनों स्थानों पर पहुंचकर जायजा लिया। किसानों को गेहूं, तेलहन, दलहन फसल की बुआई से लेकर कटाई खादी बीच व सिंचाई आदि की जानकारी दी गयी।

### अभाविप की बैठक

संवाद सहयोगी, रजौन (बांका) : मंगलवार को धौनी कुटिया परिसर में अखिल भारती विद्यार्थी परिषद की बैठक जिला संयोजक ज्ञानदीप मंडल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में जिला संयोजक ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हित में काम करती है। कहा कि शिक्षा मनुष्य के आंतरिक गुणों के विकास की प्रक्रिया का नाम है। आज जो शिक्षा प्रणाली हमारे बीच है वह बहुआयातीत और आरोपित है। इस दौरान समिति का गठन किया गया जिसमें नगर संयोजक राज कुमार सिंह, मंत्री बमबम कुमार, सहमंत्री नीरज कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, तुलसी कुमार, नीतीश कुमार तथा नगर कार्यकारिणी में रंजन कुमार, रूपेश कुमार, विकास कुमार, पंकज, विरेन्द्र, विष्णु कुमार आदि को बनाया गया है।